2 0 1 5

HINDI

(Elective)

(Hindi Katha Sahitya)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'सुनीता' की कथा कितने खण्डों में विभाजित है?

(ख) सुनीता की छोटी बहन का नाम क्या है?

(ग) 'पुरस्कार' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(घ) "आप जो कहते हैं वह सत्य नहीं। यह संसार मिथ्या माया नहीं।" यह किसका कथन है?

(ङ) 'कैम्पस' मूलतः किस भाषा की कहानी है?

(च) मोहन राकेश की पाठ्य कहानी का नाम क्या है?

(छ) प्रेमचंद के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ज) हिन्दी साहित्य में अज्ञेय को (मूलतः) किस रूप में जाना जाता है?

(झ) कमलेश्वर के किसी एक कहानी-संकलन का नाम लिखिए।

(ञ) सुलक्खी कौन-सी कहानी का पात्र है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति लघु उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) "विधाता ने हमें व्यर्थ ही नारी बनाया है।" ऐसा क्यों कहा गया है?

(ख) हरिप्रसन्न किस प्रकार की पत्नी चाहता है?

(ग) मधुलिका पुरस्कार के बदले प्राणदण्ड क्यों चाहती है?

(घ) "कौन देखता है कानून?"—'भय' में ऐसा क्यों कहा गया है?

(ङ) 'फूल का जीवन' में फूल किसका प्रतीक है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "मैं वस्तुओं के इन प्रचलित मूल्य का कायल नहीं हूँ।" 'सुनीता' में 'इन प्रचलित मूल्य' का क्या तात्पर्य बताया गया है?

(ख) 'वारिस' कहानी के संदेश को स्पष्ट कीजिए।

(ग) "बंदर-कुत्तों पर अत्याचार देख-देखकर रोनेवाले अपना संघ बना लेते हैं।" इसमें निहित व्यंजना को स्पष्ट कीजिए।

(घ) दिनांक के चरित्र की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) "क्या आप खुद नहीं कहा करते थे कि ब्याह-शादियों पर पैसे बर्बाद नहीं करने चाहिए? आप अपने बेटे की सगाई का वक्त आया तो सिद्धांत ताक पर रख दिए।" प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(च) 'सुनीता' उपन्यास के अंत में उपन्यासकार ने क्या महत्त्वपूर्ण संदेश दिया है? स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) हरिप्रसन्न के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

अथवा

"कहानी सुनाना मेरा उद्देश्य ही नहीं है।" इस उक्ति के आलोक में 'सुनीता' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) कहानी-कला के आधार पर 'सत्य का मूल्य' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

'पुरस्कार' कहानी के कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) "मानवता पर अविश्वास और कृत्रिमता (दोनों) आधुनिक जीवन की त्रासदियाँ हैं।" 'कैम्पस' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'वारिस' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(घ) व्याख्या कीजिए :

रोटियों के लिए झगड़नेवाले यह कुत्ते! क्या जानेंगे कि हमारी संस्कृति के वरदान हमें आज भी मर जाने से बचाए हुए हैं।

अथवा

बाहुबल ही तो वीरों की आजीविका है। ये मेरे जीवन-मरण के साथी हैं, भला मैं इन्हें कैसे छोड़ देता?

★ ★ ★